E-mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका सं0 : 03/भू0अ0नि0 (2) राज्य यो0 (निगरानी)–32/2022 5823 **पटना, दिनांक** : 13/07/2023

आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, पूर्णियाँ के पत्रांक–774 दिनांक 10.11.2022 द्वारा श्री सौरव कुमार, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो (Emp.Id-SKN00711) को दिनांक 09.11.2022 को करीब 3:00 बजे अपराह्न में पंचायत सरकार भवन धरहरा शिविर कार्यालय से निगरानी टीम द्वारा रिश्वत लिए जाने के आरोप में गिरफ्तारी से संबंधित प्रतिवेदन भेजा गया है। इस प्रतिवेदन के अतिरिक्त निगरानी विभाग (अन्वेषण ब्यूरो), बिहार, पटना के पत्रांक–3159 दिनांक 17.11.2022 द्वारा सूचित किया गया है कि उक्त विशेष सर्वेक्षण कर्मी के विरूद्ध निगरानी थाना सं0–059/2022 दिनांक 07.11.2022, धारा 7(a) भ्र0नि0अधि0–1988 (संशोधित अधिनियम, 2018) के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है दर्ज प्राथमिकी के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि आरोपित द्वारा श्री अशोक कुमार भगत से 1,50,000/– (एक लाख पचास हजार रूपये मात्र) रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत में केन्द्रीय कारा, भागलपुर भेजा गया है। निगरानी विभाग (अन्वेषण ब्यूरो) द्वारा अपने पत्रांक 376 दिनांक 09.02.2023 भ्र0नि0अधि0–1988 (संशोधित अधिनियम, 2018) की धारा–19 के तहत अभियोजन स्वीकृति की माँग की गई है। इस अनुरोध के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक–4010 दिनांक 28.04.2023 द्वारा अभियोजन की स्वीकृति दी गयी है।

उपरोक्त आरोप के आलोक में श्री कुमार से इस कार्यालय के पत्रांक–4062 दिनांक 02.05.2023 द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। श्री कुमार द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है। स्पष्टीकरण के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि इनके द्वारा अपने ऊपर लगाये गये आरोप को साजिश के तहत बताया है। स्पष्टीकरण में कोई ऐसा तथ्य नहीं दिया गया है, जो कि इनके द्वारा रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार जैसे आरोप को खंडित करता हो।

अतः सेवा असंतोषजनक मानते हुए **"बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली 8(4)"** के आलोक में श्री सौरव कुमार, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, (Emp.Id-SKN00711) की संविदा नियोजन गिरफ्तारी की तिथि यथा 09.11.2022 से समाप्त किया जाता है।

13/7/23

(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (2) राज्य यो0 (निगरानी)–32/2022 5823 **पटना, दिनांक** : 13/07/2023

प्रतिलिपि : श्री सौरव कुमार, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, (Emp.Id-SKN00711) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (2) राज्य यो0 (निगरानी)–32/2022 5823 **पटना, दिनांक** : 13/07/2023

प्रतिलिपि : बन्दोबस्त पदाधिकारी/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), पूर्णियाँ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (2) राज्य यो0 (निगरानी)–32/2022 5823 **पटना, दिनांक** : 13/07/2023

प्रतिलिपि : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय बिहार, पटना, को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

साथ ही निदेशित किया जाता है कि इसकी स्कैन कॉपी R2R साफ्टवेयर के अन्तर्गत संधारित उक्त कर्मी का व्यक्तिगत संचिका में भी अपलोड करें।

13/7/23

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप